<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>ग्राम खमरिया में कुक्कुट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन</u>

पन्तनगर। 26 अक्टूबर 2024। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, मेरठ द्वारा वित्त पोषित अखिल भारतीय समन्वित पशुधन शोध परियोजना–फ्रिजवाल के अन्तर्गत ग्राम खमरिया में आज कुक्कुट प्रशिक्षण एवं कुक्कुट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन डा. सी.वी. सिंह, विभागाध्यक्ष, पशु प्रजनन विभाग द्वारा किया गया। विभागाध्यक्ष ने सभी किसानों एवं परियोजना टीम सदस्यों को उत्साहवर्धन के साथ–साथ कुक्कुट पालन के महत्व एवं आवास व्यवस्था पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान डा. सी.बी. सिंह, परियोजना अधिकारी द्वारा परियोजना के उद्देश्य के साथ–साथ सफल बैकयार्ड कुक्कुट पालन के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डा. ए.के. घोष, डा. बी.एन. शाही एवं डा. रिपुसुदन कुमार द्वारा कुक्कुट पालन के विभिन्न तकनीकी पहलुओं, कुक्कुट की विभिन्न प्रजातियों, ब्रूडिंग कुक्कुट पोषण एवं टीकाकरण आदि पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रति किसान 25 चूजे एवं अन्य सामग्री (फीड, दवाई, दाने एवं पानी के बर्तन) का वितरण किया गया। कार्यक्रम में 20 किसानों ने प्रतिभाग किया गया। कुक्कुट पालकों का पंजीकरण कु. अराधना फुलार एवं सामग्री वितरण श्री शिवांशु तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी डा. चन्द्र भान सिंह एवं धन्यवाद प्रस्ताव डा. रिपुसुदन कुमार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में किसानों को चूजे एवं अन्य सामग्री वितरित करते अधिगारीगण।

निदेशक संचार